# हे शिव शंकर डमरू वाले | by Mukesh Kumar

हे शिव शंकर डमरू वाले तुम हो सदा सहाय
मस्तक ऊपर चंद्र बिराजे गंगा जटा समाये
ॐ नमः शिवाय ॐ नमः शिवाय

तीन लोक के देव गण भी तेरे ही गुण गायें
जो भी तुमको ध्याये प्रभु जी मन इच्छा फल पाए
रामेश्वर भगवान को प्रभु राम भी शीश नवाये
जो भी तुम्हारा नाम ध्यावे भव सागर तर जाए
ॐ नमः शिवाय ॐ नमः शिवाय

महादेव महाकालेश्वर के नाम से है कांपे काल
देवों के हैं देव महादेव जय हो तेरी बद्री विशाल
भक्तों की रक्षा करते हो महिमा तेरी बड़ी कमाल
पी कर के प्रभु विष का प्याला नीलकंठ कहलाये
ॐ नमः शिवाय ॐ नमः शिवाय

जब जब पीड़ पड़ी भक्तों पर तुमने आन उबारा है
सबके दुखड़े हर लेते हो तू ही सबका सहारा है
बाल ना बांका उसका होवे जिसने तुमको पुकारा है
जपले शिव के नाम की माला भव सागर तर जाए
ॐ नमः शिवाय ॐ नमः शिवाय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-mukesh-kumar/